होमगार्ड जवान को दी गयी अंतिम सलामी

गोपालगंज। नगर थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास स्थित खाना खजाना के समीप मंगलवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले होमगार्ड जवान विकेश कुमार राय उर्फ गोवर्धन राय को बुधवार को पूरे सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी गई। होमगार्ड मैदान स्थित जिला कार्यालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिकारियों एवं जवानों ने अपने दिवंगत साथी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान माहौल गमगीन रहा और साथी जवानों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।होमगार्ड डीएसपी विवेक कुमार के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले दिवंगत जवान के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद होमगार्ड जवानों ने शोक सलामी दी। उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। 35 वर्षीय विकेश कुमार राय की सड़क दुर्घटना में असामयिक मौत से होमगार्ड विभाग के जवानों और अधिकारियों में शोक की लहर है।इस संबंध में होमगार्ड के जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह ने बताया कि मृतक जवान के परिजनों को तत्काल दाह संस्कार के लिए 15 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी गई है। वहीं,आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभाग की ओर से चार लाख रुपये अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त ईपीएफ के माध्यम से छह लाख रुपये की राशि भी परिजनों को मिलेगी। इस प्रकार मृतक जवान के परिवार को कुल 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।उन्होंने बताया कि मृतक जवान की पत्नी को अगले दो वर्षों तक प्रतिमाह दो हजार रुपये पेंशन देने का प्रावधान है। इसके अलावा परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने की भी व्यवस्था है, ताकि जवान की असामयिक मृत्यु के बाद परिवार को आर्थिक सहारा मिल सके।



श्रद्धांजलि सभा में नगर थानाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, होमगार्ड जिलाध्यक्ष मुन्ना सिंह, विजय कुमार, वैभव कुमार, विमलेश कुमार यादव, पप्पू कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में होमगार्ड जवान उपस्थित रहे। सभी ने दिवंगत जवान के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनके परिवार को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की कामना की।

गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल रखने के लिए डीएम ने दिलाया संकल्प

गोपालगंज। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के तहत आयोजित गंगा उत्सव अभियान के अंतर्गत जिला पदाधिकारी समीर सौरभ ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों,सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों,अंचल अधिकारियों एवं कर्मियों को गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने गंगा तटों को स्वच्छ रखने,नदी में कूड़ा-कचरा और पॉलीथिन नहीं डालने तथा आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने की शपथ ली। साथ ही प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करने,घरों के गंदे पानी के उचित निपटान के लिए सोख्ता निर्माण कराने तथा पूजा सामग्री एवं मूर्तियों का विसर्जन गंगा में नहीं करने का संकल्प लिया। इसके अलावा खुले में शौच करने के बजाय शौचालय का उपयोग करने की प्रतिबद्धता भी जताई गई। इस अवसर पर डीएम समीर सौरभ ने कहा कि गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए आम लोगों को भी जागरूक करने पर जोर दिया।

दीपावली व छठ को लेकर थाने में हुई शांति समिति की बैठक

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना परिसर में बुधवार को प्रखंड विकाश पदाधिकारी संदीप कुमार, अंचलाधिकारी मनीष कुमार एवं थानाध्यक्ष छोटन कुमार के द्वारा आगामी पर्व दीपावली एवं छठ अवसर पर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने को लेकर शांति समिति सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई, बैठक में क्षेत्र के सभी छठघाट पर भीड़भाड़ के बीच सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की गई, संवेदनशील छठघाट की एक सूची बनाई गई है जहां छठ पूजा के दौरान विशेष निगरानी की तैयारी की गई है शांति समिति सदस्यों से अधिकारियों ने अन्य कई बिंदुओं पर जानकारी अर्जित की, बैठक के दौरान शांति समिति सदस्यों ने अपनी अपनी बातों को रखा एवं जहां कहीं प्रशासन की नजर नहीं थी उसे पर प्रशासन का ध्यान आकर्षण किया, बैठक में बारी-बारी से अधिकारियों ने तैयारी के बारे में बताया, एवं शांति समिति सदस्यों से आवश्यक सहयोग की अपील की, अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन अपना काम बखूबी, जिम्मेदारी पूर्वक करेगी, संवेदनशील छठघाट के रूप में 8 घाटों को चिन्हित किया गया है यहां एनडीआरएफ की टीम के सदस्य भी तैनात रहेंगे, ताकि किसी भी विशेष परिस्थिति में अप्रिय घटना को टाला जा सके, बैठक के क्रम में उपस्थित नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री प्रेमशिला ने भी छठघाट की साफ सफाई, नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पर्याप्त लाइट की व्यवस्था, आदि की बात कही है इन्होंने कहा कि विभाग अपने स्तर से समुचित व्यवस्था करने के लिए तत्पर है यह कार्य समय से प्रारंभ कर दिया जाएगा, इस संबंध में विभागीय कर्मियों को निर्देशित किया जा चुका है।

सीवान के नियोजन मेले में 406 युवाओं का ऑन द-स्पॉट चयन, 2500 अभ्यर्थियों ने लिया हिस्सा

सीवान।वी.एम. हाई स्कूल मैदान में बुधवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय नियोजन-सह-व्यावसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, बिहार सरकार के तत्वावधान में जिला नियोजनालय की ओर से आयोजित इस मेले में करीब 2500 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। विभिन्न निजी कंपनियों ने अभ्यर्थियों की योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर 406 युवाओं का औपबंधिक रूप से मौके पर ही चयन किया। मेले का उद्घाटन डीएम विजय प्रकाश मीणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सारण प्रमंडल के सहायक निदेशक नियोजन भारत जी राम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मेले में निजी क्षेत्र की कुल 22 कंपनियों एवं नियोजकों ने भागीदारी की। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने रिक्त पदों, कार्य की प्रकृति, योग्यता और रोजगार की संभावनाओं की जानकारी अभ्यर्थियों को दी। जिला नियोजन पदाधिकारी सुमित कुमार सिंह ने युवाओं को विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने स्टडी किट, टूल किट, जॉब कैंप, जॉब फेयर और समुद्रपार नियोजन ब्यूरो जैसी योजनाओं के बारे में बताया। मेले में सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए नौ विभागीय स्टॉल भी लगाए गए थे। इनमें जीविका, आरसेटी, पशुपालन और जिला उद्योग केंद्र सहित अन्य विभाग शामिल थे। जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र के सहायक प्रबंधक ने मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना और मुख्यमंत्री स्वयं सहायता भत्ता योजना की जानकारी दी। वहीं, बिहार कौशल विकास मिशन तथा श्रम संसाधन विभाग की योजनाओं से भी युवाओं को अवगत कराया गया। जिला उद्योग केंद्र के स्टॉल पर युवाओं ने स्टार्टअप नीति, लघु उद्योग ऋण और स्टार्टअप ऋण से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने युवाओं को रोजगार सेतु पोर्टल पर निबंधन कराने और रोजगार एवं कौशल विकास से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। मेले में रोजगार सेतु पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई थी। स्टडी किट और टूल किट योजनाओं के लिए आवेदन जमा करने को लेकर भी युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया। कार्यक्रम का संचालन सुनीता, सहायक प्रबंधक ने किया। मौके पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी बलेन्दु नारायण पाण्डेय, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जिला नियोजनालय के कर्मी उपस्थित थे।

जिला समन्वय समिति की बैठक में लंबित योजनाओं के शीघ्र निष्पादन का निर्देश

गोपालगंज। जिला पदाधिकारी समीर सौरभ की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित कार्यों एवं सरकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लंबित कार्यों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में डीएम ने प्रगति यात्रा के तहत संचालित योजनाओं को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया। तटबंधों की मरम्मती कार्य में तेजी लाने तथा इसके नियमित पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी अनुमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज को सौंपी गई। वहीं,ग्रामीण कार्य विभाग एवं पथ निर्माण विभाग को सड़क निर्माण और मरम्मती कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया गया। यादोपुर सड़क की मरम्मती में देरी पर कार्यपालक अभियंता को 30 दिनों के भीतर कार्य पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया।बैठक में सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने,आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण पूरा कराने तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार भूमि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयों (डब्ल्यूपीयू) को सक्रिय कर नियमित कचरा उठाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।राजस्व मामलों की समीक्षा के दौरान सभी अंचलाधिकारियों को संवेदनशीलता एवं नियमानुसार लंबित मामलों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। आम लोगों की सुविधा के लिए कार्यालयों में %मे आई हेल्प यू% हेल्प डेस्क स्थापित करने को भी कहा गया। साथ ही विद्यालयों तक पहुंच पथ सुनिश्चित करने और आवासीय विद्यालय के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने की कार्रवाई शीघ्र पूरी करने का निर्देश दिया गया।

डीएम ने सभी पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर लंबित योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय, अनुमंडल पदाधिकारी गोपालगंज सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी,बीडीओ,सीओ एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

सदर अस्पताल में डीएनबी पाठ्मक्रम की गुणवत्ता सुधारने का निर्देश

गोपालगंज। समाहरणालय स्थित एनआईसी कक्ष में जिला पदाधिकारी श्री समीर सौरभ की उपस्थिति में सदर अस्पताल,गोपालगंज में संचालित डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) पाठ्यक्रम की संचालन समिति की बैठक हुई। बैठक में पाठ्यक्रम के प्रभावी संचालन, विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता की समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि गायनी एवं पीडियाट्रिक्स में दो-दो सीटें आवंटित हैं तथा दोनों विषयों में दो-दो विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। एनेस्थीसिया में सीटों के लिए आवेदन प्रक्रियाधीन है। डीएम ने विद्यार्थियों का ड्यूटी रोस्टर वरीय चिकित्सा पदाधिकारियों के समन्वय से तैयार करने तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य करने का निर्देश दिया। स्टाइपेंड का भुगतान बायोमेट्रिक उपस्थिति के आधार पर होगा। सभी विद्यार्थियों को एक सप्ताह के अंदर लॉगबुक उपलब्ध कराने तथा अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए समय-सारणी तैयार करने का निर्देश दिया गया। पुस्तकालय में आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता 15 दिनों के अंदर सुनिश्चित करने को कहा गया। गायनी के व्यावहारिक प्रशिक्षण हेतु आवश्यक मैनिकिन उपलब्ध कराने के लिए बीएमएसआईसीएल को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। फिलहाल विद्यार्थी चिकित्सकों के ड्यूटी रूम का उपयोग रेस्ट रूम के रूप में कर सकेंगे। समीक्षा क्रम में डीएनबी गायनी के विद्यार्थियों की सहभागिता एवं प्रशिक्षण के दौरान अक्टूबर 2026 में सदर अस्पताल में 104 सिजेरियन ऑपरेशन किए गए, जबकि पूर्व में प्रतिमाह औसतन 30 से 35 ऑपरेशन होते थे। बैठक में सर्वसम्मति से डॉ.मनीषा को नया कोर्स डायरेक्टर तथा डॉ. सौरव अग्रवाल को सह-कोर्स डायरेक्टर बनाया गया। जिला पदाधिकारी ने डीएनबी पाठ्यक्रम की गुणवत्ता,प्रशिक्षण एवं सुविधाओं की नियमित निगरानी का निर्देश देते हुए संचालन समिति की बैठक प्रत्येक तीन माह पर अनिवार्य रूप से आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके।

शिक्षा विभाग के स्थापना डीपीओ पर भ्रष्टाचार और उदासीनता का आरोप, डीएम से शिकायत

सीवान। शिक्षा विभाग के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) सैयद सज्जाद की कार्यशैली को लेकर शिक्षकों में नाराजगी है। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (यदि यही संघ है) के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह और जिला सचिव अशोक कुमार प्रसाद ने जिला पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा को आवेदन देकर स्थापना डीपीओ पर शिक्षकों की समस्याओं की अनदेखी और कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

चार नवंबर को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि स्थापना डीपीओ शिक्षक प्रतिनिधियों का फोन रिसीव नहीं करते और न ही आवश्यक संदेशों का जवाब देते हैं। इसके कारण शिक्षकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में दावा किया गया है कि नियोजित शिक्षकों का दो माह का वेतन भुगतान लंबित है, जबकि चतुर्थ सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण शिक्षकों को चार माह से वेतन नहीं मिला है।

शिक्षक नेताओं ने आरोप लगाया है कि नए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के पदभार ग्रहण करने के बाद कार्यालय में कथित भ्रष्टाचार की स्थिति बढ़ गई है और इस पर रोक लगाने वाला कोई नहीं है। आवेदन में यह भी कहा गया है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी के अवकाश पर रहने के कारण उन्हें अपनी शिकायत डीएम के समक्ष रखनी पड़ रही है।

शिक्षक प्रतिनिधियों का कहना है कि कार्यालय में निर्धारित समय के बाद पहुंचकर शिकायत करना उनके लिए संभव नहीं है। इसलिए वे मोबाइल फोन, संदेश और ई-मेल के माध्यम से अपनी समस्याएं अधिकारियों तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं, लेकिन स्थापना डीपीओ इन शिकायतों को गंभीरता से नहीं लेते।

शिक्षक नेताओं ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कराते हुए संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने तथा शिक्षकों के लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की है।

साला के श्राद्ध कर्म में शामिल होने ससुराल गये रिटायर्ड हेडमास्टर के पुत्र की हत्या, गड्ढे से मिला शव

बड़हरिया (सीवान)। बड़हरिया थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव में मंगलवार की देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब सड़क किनारे एक गड्ढे से युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान जामो थाना क्षेत्र के भोपतपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक राजेश्वर सिंह के पुत्र अखिलेश उर्फ मुन्ना कुमार सिंह के रूप में हुई। वह अपने साले के श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए ससुराल सदरपुर आया था। युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों से शव पड़े होने की सूचना मिलने पर पुलिस अवर निरीक्षक गुड्डू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। कुछ देर बाद थानाध्यक्ष छोटन कुमार भी वहां पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को गड्ढे से बाहर निकलवाया। शुरुआत में शव की पहचान नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस और ग्रामीणों के प्रयास से उसकी पहचान कर ली गई। इसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों और मृतक के ससुराल पक्ष से पूछताछ की।

बताया जाता है कि मृतक का ससुराल शव बरामदगी स्थल से महज 30 मीटर की दूरी पर है। उसकी पत्नी घटना के समय मायके में ही थी और शव मिलने की सूचना पर घटनास्थल पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीवान भेज दिया। आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बुधवार को गांव में उसका अंतिम संस्कार किया गया।

मृतक के पिता राजेश्वर सिंह ने ससुराल पक्ष पर हत्या की साजिश में शामिल होने का संदेह जताया है। उनका कहना है कि उनका पुत्र दो भाइयों में छोटा था और विदेश में रहकर कमाई करता था। वह अपनी कमाई पत्नी और बच्चों को भेजता था। करीब डेढ़ वर्ष से उसकी बहू मायके में रह रही थी। विदेश से लौटने के बाद अखिलेश अपने गांव में रहने लगा था और पत्नी को बार-बार घर लाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन वह मायके से आने को तैयार नहीं थी।

पिता के अनुसार, घटना वाले दिन सुबह अखिलेश ससुराल जाने के लिए निकला था। उन्होंने उसे रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन वह अलमापुर विस्फोट कांड में जान गंवाने वाले अपने साले के श्राद्ध कर्म में शामिल होने सदरपुर चला गया। पिता ने आरोप लगाया कि उनके पुत्र की हत्या साजिश के तहत की गई है।

मृतक के दो छोटे पुत्र हैं। इनमें बड़े की उम्र करीब सात वर्ष और छोटे की उम्र डेढ़ वर्ष बताई जा रही है। पिता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। घटना के दूसरे दिन तक प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई थी। हालांकि, मृतक के पिता ने बताया कि ससुराल पक्ष के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने की प्रक्रिया की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

न्यायालय सिविल जज वरीय कोटि 09 मोकामा सीवान
जिला -सिवान
विभाजन वाद सं.1823 सन 2022 ई.
सुरेश पाण्डेय........................वादी
बनाम
आशा देबी वो. ....प्रतिवादीगण
नोटीश बनाम
प्रतिवादी सं. 2 नीलम देबी पत्नी मुक्तिनाथ तिवारी ग्राम हसुआ, डा. हसुआ थाना नौतन जिला सिवान, 03 सुनीता देवी पत्नी सुनील दुबे ग्राम वो डा. मनीया थाना आन्दर जिला सिवान दोनों पुत्रियां स्व. राज किशोर पाण्डेय 5. संजीव कुमार कुशवाहा वल्द रामस्वरूप प्रसाद ग्राम वो डा. टड़वा परसीया थाना दरौली जिला सीवान

विदित हो कि आपलोगों के उपस्थिति हेतु सम्मन वो निबधित सम्मन निर्गत हुआ तथा तामीला के बाद भी आपलोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, अत एव इस प्रकाशन के द्वारा आपलोगों को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 8 माह 1 सन् 2027 को स्वय या वकालतन उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय कार्रवाई कि जायेगी।

आज तारीख 31 माह 10 सन् 2026 ई. को, मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी हुआ।

सिविल जज वरीय कोटी-09, सिवान

ब अदालत सिविल जज सिनियर डिविजन 3 सीवान
मोकदमा न. 2117 सन 2024
लाल बहादुर पंडित वो. ......मुदईयान
बनाम
दशरथ पंडित वो. ....मुदालहम
नोटिस बनाम : मुदालह न. 7 विश्वनाथ पंडित 8 शिवनाथ पंडित दोनों पेशरान मातवर पंडित 9. नन्द लाल पंडित 10-राकेश पंडित पेशरान परशुराम पंडित साकिनान मौजा बंथू सलौना टोला छीआसी थाना-आन्दर जिला सीवान।

चूं मुदईयान ने मौकदमा हाजा आपलोगो के खिलाफ दाखिल किया है जो हमारे अदालत मे जेरे तजवीज है जिसमें आप को न्यायालय में उपस्थिति हेतु सम्मन तथा रजिस्टर्ड सम्मन भेजा गया है उसके बावजुद भी आप लोग न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए।

अत: इस प्रकाशन के आप को सूचित किया जाता है कि आप ता. 04 माह 12 सन 2026 को स्वंय या मार्फत किसी अधिवक्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना उचित पैरवी बरना आपके विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई की जाएगी।
आज ता. 3 माह 10 सन 2026 के मेरे दस्तखत वो अदालत की मुहर से निर्गत हुआ।

सिविल जज सिनियर डिविजन-3 सीवान

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा में उमड़ा जनसैलाब, एसआईआर पर विपक्ष को घेरा

सीवान।राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की ओर से बुधवार को सिवान में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा निकाली गई। इसमें एनडीए के घटक दलों के नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ उमड़ी। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर आयोजित इस पदयात्रा के दौरान नेताओं ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा।पदयात्रा की शुरुआत शहर के बबुनिया मोड़ स्थित सेवा ज्योति चौक से हुई। यहां से एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं का काफिला विभिन्न मार्गों से होते हुए गोपालगंज मोड़ पहुंचा, जहां पदयात्रा सभा में तब्दील हो गई।सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राजभूषण निषाद ने कहा कि मतदाता सूची चुनावी व्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं सिवान विधायक मंगल पांडेय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेतृत्व संवैधानिक प्रक्रियाओं पर राजनीति कर रहा है और एसआईआर के मुद्दे पर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव व्यवस्था से होती है। विपक्ष को भ्रम फैलाने के बजाय रचनात्मक भूमिका निभानी चाहिए।बिहार सरकार के मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि संवैधानिक प्रक्रियाओं का सम्मान होना चाहिए। एसआईआर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर आरोप-प्रत्यारोप के बजाय तथ्यों और नियमों के आधार पर चर्चा होनी चाहिए। महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि एसआईआर कोई नई प्रक्रिया नहीं है। कांग्रेस के शासनकाल में भी यह प्रक्रिया अपनाई गई थी, लेकिन आज कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। पूर्व विधायक एवं जदयू के राष्ट्रीय महासचिव रमेश सिंह कुशवाहा ने एनडीए के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की। पदयात्रा में भाजपा प्रदेश महामंत्री सरोज रंजन पटेल, दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह, जीरादेई विधायक भीष्म प्रताप सिंह, हम पार्टी के अतरी विधायक रोमित सिंह, लोजपा विधायक बेबी कुमारी, सिवान कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदप्रसाद चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, जदयू जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, लोजपा प्रदेश महासचिव विनोद तिवारी, रालोमो के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मदन चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंदन चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्र विजय प्रकाश उर्फहैप्पी यादव, मुकेश सिंह कुशवाहा, लोजपा जिलाध्यक्ष महादेव पासवान, रालोमो जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, हम जिलाध्यक्ष डॉ. अभय प्रताप सिंह सहित एनडीए के विभिन्न घटक दलों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बिहार सरकार

कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा
(Email Id- eescd.mrh@gmail.com)
(Mob. No- 7463889600)

अल्पकालीन नीलामी सूचना सं0-01/2026-27

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन प्रमंडल पदाधिकारी,गोपालगंज वन प्रमंडल ,गोपालगंज का पत्रांक 3093 दिनांक 27.10.2026 के द्वारा प्राप्त मुल्यांकन के आधार पर एवं बिहार लोक निर्माण विभाग संहिता नियमावली के नियम 294iii(1) के आलोक में सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा अन्तर्गत पश्चिमी गंडक नहर प्रणाली के पुनर्स्थापन कार्य में बाधक वृक्षों के पातन कर अस्थायी बनाकर, सारण नहर अवर प्रमंडल मढ़ौरा के कैम्पस में रखे गये लकड़ियों का नीलामी प्रक्रिया के तहत् निम्नांकित शर्तों के अधीन दिनांक 26.11.2026 अपराह्न 3:00 बजे से नीलामी किया जायेगा।

ग्रुप सं0	प्रमंडल/कार्यालय का नाम	लकड़ियों का विवरण	नीलामी की न्यूनतम बोली (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)
1	2	3	4	5
01	सारण नहर प्रमंडल मढ़ौरा	संलग्न सूची के अनुसार	1736680.00	347400.00 (20% नीलामी की न्यूनतम बोली का)

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

PR. No. 014745 (WRD) 2026-27

(ई० मिथिलेश कुमार)
कार्यपालक अभियन्ता
सारण नहर प्रमंडल, मढ़ौरा

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

बिहार सरकार

समाहरणालय समस्तीपुर
(जिला नजारत शाखा)
अल्पकालीन निविदा का शुद्धि-पत्र

समस्तीपुर जिला अन्तर्गत बिहार कला संस्कृति विभाग द्वारा दिनांक-22.11.2026, 23.11.2026 एवं 24.11.2026 को विद्यापति राजकीय महोत्सव 2026 का आयोजन होना निर्धारित है। इस अवसर पर स्टेज, पंडाल, लाईट एण्ड साउण्ड, जेनरेटर, कुर्सी, टेबुल आदि का अधिष्ठापन एवं अल्पाहार, भोजनादि, आवासन व्यवस्था तथा पेंटिंग/हस्तशिल्प का कार्यशाला/प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, उद्घाटन एवं समापन समारोह का आयोजन होना है। साथ ही उक्त राजकीय समारोह के प्रचार प्रसार हेतु होर्डिंग, साईन बोर्ड की आवश्यकता है।

उक्त कार्य हेतु दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन संख्या-PR No-014363 (Art & Culture) 26-27 द्वारा एवं जिला के वेबसाईट पर प्रकाशित विज्ञापन के तकनीकी निविदा के नियम एवं शर्तें के कंडिका-05 में अंकित फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये का प्रमाण-पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व-अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करने का सूचना प्रकाशित है, उक्त निविदा के कंडिका-05 में आंशिक संशोधन करते हुए फर्म का Chartered Accountant द्वारा सत्यापित विगत तीन वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 का वार्षिक टर्न ओवर न्यूनतम प्रत्येक वर्ष का 50,00,000.00 (पचास लाख) रूपये अथवा तीनों वित्तीय वर्ष मिलाकर 1,00,00,000.00 (एक करोड़) रूपया का प्रमाण-पत्र (Profit & Loss A/c एवं Balance Sheet) स्व-अभिप्रमाणित प्रति समर्पित करना पड़ा जाय।

शर्ते निविदादाता पूर्व विज्ञापन के निविदा में अन्य सभी शर्तें यथावत् रहेगा।

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

जिला पदाधिकारी,
समस्तीपुर

PR. No. 014742 (Art & Culture) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

भवन निर्माण विभाग
कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना का कार्यालय
अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना, संख्या- 56 वर्ष 2026-27

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना।
2. परिमाण-विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 12.11.2026 को 12:00 बजे अपराह्न तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 13.11.2026 को 03:30 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (क) अंचल कार्यालय, दक्षिण बिहार अंचल, पटना। (ख) प्रमंडल कार्यालय, केन्द्रीय भवन प्रमंडल संख्या- 01, पटना। (ग) संबंधित अवर प्रमंडल कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : क्रमांक (5) के वर्णित स्थान (क) एवं (ख) पर।
7. कार्य का विवरणी :-

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) (अप्रत्यर्पणीय)	कार्य समाप्ति की अवधि
1.	Renovation of Bathroom and Sanitary Installation, Water Supply Work in Bathroom in Ministry of Electronics & Information Technology (NIC) 1st Floor of NIC Building in the Campus of Soochna Bhawan, Patna For the Year 2026-27.	2.30	4,600=00	500=00	01 माह

8. विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
केन्द्रीय भवन प्रमण्डल संख्या- 01, पटना

PR. No. 014751 (BCD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

बिहार सरकार

कार्यालय :- कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण,
प्रमंडल, पूर्णिया
E-mail ID:- fcdpurnea@gmail.com
अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 03/2026-27
पत्रांक. 2272

1. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि :- दिनांक 31.10.2026
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :- दिनांक 19.11.2026 से दिनांक 21.11.2026 तक (कार्यालय कार्य अवधि में)
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 23.11.2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री एवं प्राप्ति का स्थान :- 1. कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल, पूर्णिया। 2. अधीक्षण अभियंता, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण अंचल, पूर्णिया। 3. मुख्य अभियंता,बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण, जल संसाधन विभाग कटिहार।
7. वित्तीय बीड खोलने की तिथि :- तिथि एवं समय बाद में निर्धारित किया जायेगा।
8. निविदा की वैधता की अवधि :- निविदा प्राप्ति के 120 दिन तक।
9. कार्य की विवरणी :-

ग्रुप सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू० में)	अग्रधन की राशि (रू० में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (रू० में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति
1	2	3	4	5	6	7
01	आवासीय भवनों एवं आवासीय परिसरों के वार्षिक संधारण/संचालन कार्य।	4.08000	8200	750.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु
02	आवास का प्रकार सी. ई तथा आई का त्रैवार्षिक मरम्मती/रंग रोगन कार्य।	10.35000	20700	2500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु
03	निरीक्षण भवन पूर्णिया, महानंदा शिविर, जनता चौक, पूर्णिया, पिन-854301 का वार्षिक संपोषण एवं रख रखाव कार्य।	2.00	4000	500.00	15.01.2027	पूर्णिया जिला के स्थानीय अभिकर्ता हेतु

10. निविदा के नियमों, शर्तों एवं विशेष जानकारी के लिये अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्य अवधि में अथवा मोबाईल संख्या 7463889220 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी www.state.bihar.gov.in/prdbihar से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
बाढ़ नियंत्रण जल निस्सरण
प्रमंडल, पूर्णिया
मोबाईल नं0-7463889220

PR. No. 014750 (WRD) 2026-27

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।